पत्रांकः– 2438

दिनांकः– 05/09/2023

बिहार सरकार

बिहार तकनीकी सेवा आयोग,

19, हार्डिंग रोड, पटना

आवश्यक सूचना

विज्ञापन सं०–07/2023 से 36/2023 (व्यवसाय अनुदेशक के विभिन्न पदों)

श्रम संसाधन विभाग, बिहार पटना, अन्तर्गत निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण (प्रशिक्षण पक्ष), बिहार, पटना के अधीनस्थ विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में व्यवसाय अनुदेशक के रिक्त पदों पर ITI योग्यताधारी अभ्यर्थियों की नियुक्ति हेतु विज्ञापन सं०–07/2023 से 36/2023 (व्यवसाय अनुदेशक के विभिन्न पदों) के अन्तर्गत दिनांक–04.07.2023 से 03.08.2023 तक Online आवेदन प्राप्त किया गया था। इसके लिए पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा आयोजित की जायेगी।

अधियाची विभाग के पत्रांक–3133, दिनांक–05.09.2023 द्वारा प्राप्त परामर्श के आलोक में राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाण–पत्र धारक (NCVT) के साथ–साथ राज्य व्यवसाय प्रमाण–पत्र धारक (SCVT) योग्यताधारी अभ्यर्थियों को मान्य किये जाने का निर्देश प्राप्त हुआ है। तद्नुसार राज्य व्यवसाय प्रमाण–पत्र धारक (SCVT) योग्यताधारी अभ्यर्थियों को मान्य करते हुए, वैसे अभ्यर्थी, जो पूर्व में राज्य व्यवसाय प्रमाण–पत्र धारक (SCVT) आवेदन कर चुके हैं वे परीक्षा देने के लिए योग्य हैं। आयोग द्वारा पुनः Portal खोलकर छुटे हुए राज्य व्यवसाय प्रमाण–पत्र धारक (SCVT) योग्यताधारी अभ्यर्थियों से Online आवेदन प्राप्त किया जायेगा। साथ ही इसके लिए अलग से परीक्षा (Computer Based Test) हेतु तिथि निर्धारित की जायेगी तथा संबंधित परीक्षा के उपरांत ही नियमानुसार व्यवसाय अनुदेशक के विभिन्न रिक्त पदों पर ITI योग्यताधारी अभ्यर्थियों की नियुक्ति संबंधी मेधासूची तैयार की जायेगी।

उक्त से संबंधित आवश्यक सूचना आदि आयोग के **Website- www.btsc.bih.nic.in** पर प्रकाशित की जायेगी। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि आयोग के Website का सतत् अनुश्रवण करते रहेंगे।

5.9.2023

प्रभारी सचिव,
बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना।

D:\2022\A.N.M\Suchna JanSampark\Notice (Website)_5